MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY
UDAIPUR- 313 001
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर–313001

क्रमांक. मोलासुवि / सामान्य / 2020 / **6249** 	दिनांक : 14 अप्रैल, 2020

कार्यालय आदेश

कोरोना वायरस (COVID-19) वैश्विक महामारी के चलते राज्य सरकार एवं माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार जारी आदेश क्रमांक. मोलासुवि / सामान्य / 2020 / 6235 दिनांक 23 मार्च, 2020 एवं 6242 दिनांक 4 अप्रैल, 202 के क्रम में तथा संयुक्त सचिव उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान सरकार के पत्र क्रमांक प. 18 (2) शिक्षा–4 / 2019 जयपुर, दिनांक 12.04.2020 की अनुपालना में माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से विश्वविद्यालय द्वारा अंगीकृत शैक्षेणिक कलेण्डर (सत्र 2019–20) में संशोधन करते हुए तथा विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश No.F./90/Gen/MLSU/2018/ 6230 dated 19.03.2020 के क्रम में विश्वविद्यालय के सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों / विभागों में कार्यरत शैक्षणिक (शिक्षकों) एव तकनिकी सहायक कर्मचारियों (Eligible teaching staff and other vocational (Lab.) staff) के लिये दिनाक 16 अप्रैल, 2020 से 31 मई, 2020 तक ग्रीष्माकालीन अवकाश घोषित किया जाता है। परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नवीन सत्र दिनांक 01 जून, 2020 से प्रारम्भ होगा।

माननीय शिक्षा मंत्री महोदय की प्रेस विज्ञप्ति क्र.सं. जयपुर / 2020 / 176 दिनांक 12.04.2020 के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 20 अप्रैल, 2020 से आयोजित होने वाली समस्त परीक्षाएँ तुरन्त प्रभाव से स्थगित की जाती है। परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर स्थगित परीक्षाएँ माह जून, 2020 में आयोजित होगी, जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम की समय सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जावेगी।

अधिष्ठाता / निदेशक / विभागाध्यक्ष एवं पाठ्यक्रम निदेशक को सूचित किया जाता है कि जिन पाठ्यक्रमों (स्नातक, स्नातकोत्तर एवं सेमेस्टर) में पाठ्यक्रम पूर्ण नहीं हुआ हो तो वे इस समयावधि में ऑनलाईन कक्षाएँ आयोजित कर, (Online teaching activities through free tools like ZOOM, GOOGLE CLASSROOM, MOODLE, Google Drive etc.) विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री उपलबध करवा कर (Online video lectures through YouTube channels, distribution of class notes on WhatsApp, sharing e-books link etc.) पाठ्यक्रम का बकाया भाग पूर्ण करावे।

विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक. मोलासुवि / सामान्य / 2020 / 6242 दिनांक 04 अप्रैल, 2020 के क्रम में निर्देशानुसार सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालय, प्रशासनिक कार्यालय एवं समस्त इकाईयों के कार्यालय दिनांक 03 मई, 2020 तक अथवा राज्य सरकार द्वारा जारी अन्य कोई आदेश तक पूर्णतया बन्द रहेंगे।

राज्य सरकार / केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं दिशा–निर्देशों की पालना भी सुनिश्चित करावें।

(हिम्मत सिंह बाहरठ)
कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–

1. विशेषाधिकारी, माननीय कुलाधिपति, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
2. विशेषाधिकारी उच्च शिक्षा, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, (ग्रुप–4), राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. अधिष्ठाता / निदेशक, विभागाध्यक्ष, समस्त महाविद्यालय / विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
5. अध्यक्ष, विश्वविद्यालय क्रीड़ा मण्डल, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
6. वित्त नियंत्रक / परीक्षा नियंत्रक, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
7. निजी सचिव कुलपति / निजी सचिव–कुलसचिव, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
8. मुख्य अधीक्षक–छात्रावास, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर।
9. विश्वविद्यालय अभियन्ता, भू–सम्पति कार्यालय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
10. रक्षित पत्रावली

उप–कुलसचिव

CS Scanned with CamScanner